**FORM B**
**PUBLIC ANNOUNCEMENT**
(Regulation 12 of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Liquidation Process) Regulations, 2016)

FOR THE ATTENTION OF THE STAKEHOLDERS OF **SUN PETPACK JABALPUR PRIVATE LIMITED**

| Sl. NO. | PARTICULARS | DETAILS |
|---|---|---|
| 1. | Name of corporate debtor | Sun Petpack Jabalpur Private Limited |
| 2. | Date of incorporation of corporate debtor | 22.03.2000 |
| 3. | Authority under which corporate debtor is incorporated/ registered | ROC Gwalior |
| 4. | Corporate Identity No./Limited Liability Identification No.of corporate debtor | U25209MP2000PTC014124 |
| 5. | Address of the registered office and principal office of corporate debtor | 774 – Gole Bazar, NA, Jabalpur, Madhya Pradesh, India –482002 |
| 6. | Date of closure of Insolvency Resolution Process | 30.01.2026 |
| 7. | Liquidation commencement date of corporate debtor | 30.01.2026 |
| 8. | Name and registration number of the insolvency professional acting as liquidator | Efficax Resolution Professionals Private Limited<br>IBBI/IPE-0153/IPA-3/2023-24/50063 |
| 9. | Address and e-mail of the liquidator as registered with the Board | No.3656/6, Gali No.6, Narang Colony, Tri Nagar, New Delhi-110035<br>**md@efficaxindia.com** |
| 10. | Address and e-mail to be used for correspondence with the liquidator | 3rd Floor,70-D,Pocket-A,Vikaspuri Extn. Opposite pillar no- 11,West Delhi,New Delhi-110018,<br>**liquidator_sunpetpack@efficaxindia.com** |
| 11. | Last date for submission of claims | 01.03.2026 |

Notice is here by given that the National Company Law Tribunal Indore Bench has ordered the commencement of liquidation of the **Sun Petpack Jabalpur Private Limited** on 30th day of January 2026.

The stakeholders of **Sun Petpack Jabalpur Private Limited** are hereby called upon to submit their claims with proof on or before 1st day of March 2026, to the liquidator at the address mentioned against item No.10.

The financial creditors shall submit their claims with proof by electronic means only. All other creditors may submit the claims with the proof in person, by post or by electronic means.
Submission of false or misleading proof of claims shall attract penalties.

Rakesh Kumar Jindal
For and behalf of
Efficax Resolution Professionals Private Limited
Liquidator of Sun Petpack Jabalpur Pvt. Ltd
Mob-9560464525
Date-10.02.2026
Place-New Delhi

**Temperature**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 06.37 | सूर्योदय | 27.08 | अधिकतम (+1) |
| 05.24 | सूर्यास्त | 11.00 | न्यूनतम (-1) |

पूर्वानुमान : संभाग में मौसम शुष्क रहने की संभावना।

## न्यूज ब्रीफ

### रोटरी सदैव जरूरतमंदों की सहायता में अग्रणी



**जबलपुर।** रोटरी के मानव सेवा भाव को आगे बढ़ाते हुए 9 फरवरी को गोरखपुर निवासी शशि बर्मन की पुत्री प्राची बर्मन के विवाह 10 फरवरी के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर एवं रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर स्टार द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर कन्या को उपहार स्वरूप आलमारी, बर्तन स्टैंड तथा कुछ नगद राशि भेंट की गई। रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर एवं रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर स्टार निरंतर सामाजिक सेवा के कार्यों में सक्रिय रूप से संलग्न हैं और जरूरतमंद परिवारों की सहायता हेतु सदैव तत्पर रहते हैं। कार्यक्रम में रोटरी क्लब जबलपुर के अध्यक्ष रोटेरियन मिताली बनर्जी, सचिव रोटेरियन रूपेश राय, रोटेरियन जी.एन. श्रीवास्तव तथा रोटरी क्लब जबलपुर स्टार की अध्यक्ष रोटेरियन सरिता सिंह राजपूत, निदेशक रोटेरियन अनिता सिंह एवं रोटेरियन तृप्ति सिंह चौहान की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने निरंतर करेंगे संवाद : अभिषेक विश्वकर्मा




**जबलपुर।** मप्र विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन की बैठक कार्यपालन अभियंता शहर संभाग, पूर्व, पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी जबलपुर में आयोजित हुई। बैठक में कार्यपालन अभियंता में अभिषेक विश्वकर्मा ने कहा कि बिजली कंपनी अपने कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील हैं। कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान तत्परता से किया जाता है और मैं अपने कर्मचारियों से सतत सम्पर्क में रहकर संवाद करता हूं। बैठक में फेडरेशन के यूके पाठक, महामंत्री राकेश डीपी पाठक संगठन मंत्री दिनेश दुबे, अनूप वर्मा,उमाशंकर दुबे, मोहित पटैल, रामचरण पटैल, एसके चौधरी, विवेक चौबे, अंकित दुबे, आदि उपस्थित थे। बैठक में कार्यपालन अभियंता नीरज परस्ते, सहा. अभियंता एसएस नायक, कृष्ण मोहन थे। बैठक में फेडरेशन के महामंत्री राकेश पाठक ने भी अपने विचार रखे।

### पहले पेपर में नहीं मिले नकलची, उड़नदस्ते ने किया निरीक्षण

# 12वीं की परीक्षा शुरू, अंग्रेजी का पर्चा देने पहुंचे 16 हजार से अधिक परीक्षार्थी





पीपुल्स संवाददाता ● जबलपुर
मो.नं. 9713230229

माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 12 वीं की परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गई है। पहला पेपर अंग्रेजी विषय का था, जिसमें जिले में 16 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। जिले में परीक्षा के लिए बनाए गए केंद्रों में पहले पेपर में एक भी नकलची सामने नहीं आया। केंद्रों में शांति के साथ पहला पेपर आयोजित किया गया, जिसके बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि जिले में कुल 99 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में कुल 16,516 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 16,308 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 208 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में परीक्षार्थियों की उपस्थिति में थोड़ा सा अंतर देखा गया।

#### जिले में परीक्षार्थियों की स्थिति

बताया जाता है कि शहरी क्षेत्र के 49 परीक्षा केंद्रों पर 10,879 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 10,695 उपस्थित रहे और 184 अनुपस्थित पाए गए। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र के 52 परीक्षा केंद्रों पर 5,637 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 5,613 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 24 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार जिले में कुल 208 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

#### इन केंद्रों में पहुंची फ्लाइंग स्क्वाड

जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में गठित उड़नदस्ता (फ्लाइंग स्क्वाड) दल ने शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। जिनमें एमएलबी स्कूल, रानी दुर्गावती कन्या उमावि गंगा नगर, सांदीपनि विद्यालय मेडिकल, हितकारिणी बेलसिंह, गुरुनानक कन्या उमावि प्रेमनगर, शासकीय हाई स्कूल रामपुर, जॉनसन इंग्लिश मीडियम स्कूल, सेंट थॉमस स्कूल और शासकीय पं. ल. शं. झा मॉडल उमावि जबलपुर शामिल थे। सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण और सुचारु रूप से संचालित पाई गई। इसके अलावा, जिले के ग्रामीण क्षेत्र के पाटन विकासखंड के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भी निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित अन्य दलों ने एसडीएम और बीईओ के नेतृत्व में सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा व्यवस्थित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होती पाई गई।

## वसुंधरा और शौनक ने किया एनसीसी में शानदार प्रदर्शन

### वीयू कुलपति प्रो. शर्मा ने किया सम्मानित



पीपुल्स संवाददाता ● जबलपुर
editor@peoplessamachar.co.in

वेटरनरी कॉलेज द्वारा 1 एमपी रिमाउंट एवं वेटरनरी स्क्वाड्रन एनसीसी के कैडेट्स के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में एनसीसी कैडेट्स को रिपब्लिक डे कैंप (आरडीसी) 2026 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए समारोह के मुख्य अतिथि विवि के कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।

**जीते गोल्ड मेडल, बढ़ाया प्रदेश का गौरव-** समारोह के दौरान, अंडर ऑफिसर वसुंधरा दुबे ने ड्रेसाज प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता, जबकि सार्जेंट शौनक दांडेकर ने टेंट पेगिंग में रजत पदक और शो जंपिंग में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस सफल दल का नेतृत्व सीनियर अंडर ऑफिसर भरत वसुनिया ने किया, जिनकी मार्गदर्शन में यह सफलता प्राप्त हुई। इसके अलावा, 1 एमपी रिमाउंट एवं वेटरनरी स्क्वाड्रन एनसीसी को उसके कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विवेक मिश्रा के सक्षम नेतृत्व में सर्वश्रेष्ठ रिमाउंट एवं वेटरनरी यूनिट के रूप में सम्मानित किया गया। समारोह के बाद एएनओ डॉ. अपूर्वा मिश्रा को लेफ्टिनेंट पद पर कमीशन प्राप्त करने के उपलक्ष्य में पिपिंग सेरेमनी आयोजित की गई। समारोह में विशिष्ट अतिथि, ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर रितेश बहल ने एनसीसी ने प्रेरणादायी संदेश दिया।

इस अवसर समारोह में डीन डॉ. आरके शर्मा, रिटा. प्रो. डॉ. एबी श्रीवास्तव, एएनओ डॉ. रणधीर सिंह उपस्थित रहे।

## आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क हुई मुकुल की सर्जरी, मिली नई जिंदगी



**पीसं,जबलपुर।** हृदय रोग से पीड़ित 2 साल के मुकुल को सर्जरी के बाद नया जीवन मिला। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मुकुल सिंह ठाकुर की यह सर्जरी आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से नारायणा हृदयालय, मुंबई में निःशुल्क की गई।

जिला स्वास्थ्य विभाग के मीडिया अधिकारी अजय कुरील ने बताया कि बालक मुकुल सिंह ठाकुर, जो जन्म से ही हृदय रोग से ग्रसित था, की पहचान आरबीएसके टीम ने की। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान, डॉ. एनडी पटेल और डॉ. अमिता गुप्ता द्वारा बालक के हृदय रोग की पुष्टि की गई। इसके बाद विभाग जिला अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों से बालक की जांच कराई। इसके बाद सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा के निर्देश पर बालक का रजिस्ट्रेशन कराकर परिजनों की सहमति प्राप्त की गई और उसे नारायणा हृदयालय, मुंबई के लिए रेफर किया गया। वहां 5 फरवरी 2026 को बालक की सफल सर्जरी की गई। सर्जरी के सफल होने के बाद, बालक के परिवार ने मुख्यमंत्री, कलेक्टर जबलपुर, सीएमएचओ, नोडल अधिकारी आरबीएसके कार्यक्रम, और नारायणा हृदयालय मुम्बई की टीम का आभार व्यक्त किया।

## छात्राओं ने साहित्यिक प्रतियोगिताओं में दिखाया हुनर

### शा. मानकुंवर बाई कॉलेज में उमंग सत्र 2025-26 का हुआ आयोजन

पीपुल्स संवाददाता ● जबलपुर
editor@peoplessamachar.co.in



शा. मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन उमंग सत्र 2025-26 में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर विभिन्न साहित्यिक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दूसरे दिन आयोजित प्रतियोगिताओं के शुभारंभ अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. स्मृति शुक्ला ने छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए मार्गदर्शन दिया। हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीना उपाध्याय ने स्वागत उद्बोधन दिया और कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के साहित्यिक प्रभारी डॉ. बलिराम अहिरवार ने किया। सम्मेलन प्रभारी डॉ. कामना श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित किया गया। स्वरचित लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जिया रजक (बीए प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान प्रांजल नामदेव (बीए द्वितीय वर्ष), तृतीय स्थान अंजली गुप्ता (बीए द्वितीय वर्ष), सांत्वना पुरस्कार सुषमा (बीए तृतीय वर्ष) को मिला। निर्णायक के रूप में राजनीति विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. सुनीता मिश्रा और प्रो. डॉ. एसएन परते शामिल हुए। काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवानी पटेल (एमए द्वितीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान कंचन चक्रवर्ती (बीए द्वितीय वर्ष), तृतीय स्थान सृष्टि पोगाडे (बीए तृतीय वर्ष) और सांत्वना पुरस्कार शीतल जैन (बीए प्रथम वर्ष) को मिला। इसमें निर्णायक के रूप में प्रो. डॉ. ममता तिवारी (माता गुजरी महाविद्यालय), प्रो. डॉ. सुनीता मिश्रा और प्रो. डॉ. ब्रह्मानंद त्रिपाठी (भूगोल विभाग) रहे। वाद विवाद प्रतियोगिता में

प्रथम स्थान शचि गौतम, द्वितीय स्थान सृष्टि सोनी, तृतीय स्थान सौम्या विश्वकर्मा और सांत्वना पुरस्कार दीपावली साहू को मिला। निर्णायक की भूमिका डॉ. ममता तिवारी (माता गुजरी महाविद्यालय), प्रो. डॉ. सुनीता मिश्रा और प्रो. डॉ. वरुण राव बसोड़कर ने निभाई।

## सरस्वती शिशु मंदिर गलगला में वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न

पीपुल्स संवाददाता ● जबलपुर
editor@peoplessamachar.co.in



सरस्वती शिशु मंदिर गलगला का 54 वां वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। भारत माता पूजन के बाद कार्यक्रम शुरू हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरस्वती शिक्षा परिषद महाकौशल प्रांत के प्रांतीय सचिव सुधीर अग्रवाल और अध्यक्षता एडवोकेट जिनेन्द्र जैन ने की।

विशिष्ट अतिथि मिताली बेनर्जी, विशाल दत्त ,व्यवस्थापक डॉ निलेश पांडे, कोषाध्यक्ष डॉ बी डी अरजारिया, सचिन अग्रवाल, संजीव अग्रवाल रहे। कार्यक्रम मे स्कूल के भैया बहनों द्वारा राष्ट्रभक्ति से सरोवर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम संगीत नाट्य और भारतीय संस्कृति, वेशभूषा की झलक को प्रस्तुत किया गया, इस रंगारंग कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम का संचालन इच्छा लाल त्रिपाठी और आभार प्राचार्य रत्ना मिश्रा ने किया।

इस अवसर पर सुषमा श्रीवास्तव ,शबा बानो आयुषी, अर्चना विश्वकर्मा, अनीता राठौर ,प्रियंका यादव, सपना मौर्य संध्या बर्मन,अनिता जोशी का स राहनीय सहयोग रहा।

## क्रिकेट मैच में जीएसटी कमिश्नर लिल्हारे ने जमकर लगाए चौके

### रेलवे स्टेडियम में कोऑर्डिनेशन कप 2026 का हुआ भव्य उद्घाटन

पीपुल्स संवाददाता ● जबलपुर
editor@peoplessamachar.co.in




रेलवे स्टेडियम में मंगलवार को केंद्रीय कार्यकारिणी समिति (सीजीईडब्ल्यूसीसी) द्वारा आयोजित कोऑर्डिनेशन कप 2026 क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन रेलवे स्टेडियम में धूमधाम से किया गया।

इस प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर प्रमुख अतिथियों के रूप में प्रधान आयकर आयुक्त सविता बुंडास, सीजीएसटी आयुक्त लोकेश लिल्हारे, पीएफ कमिश्नर राकेश सहरावत उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह से पहले विजेता और उप-विजेता ट्रॉफी का अनावरण किया गया।

#### सीजीएसटी ने 7 विकेट से हासिल की जीत

रेलवे स्टेडियम में खेले गए पहले मैच में सीजीएसटी और श्रम कल्याण आयुक्त कार्यालय की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। सीजीएसटी ने 7 विकेट से शानदार जीत हासिल की। इस मैच में जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे ने चौकों की बौछार करते हुए अपनी टीम को विजयी बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस जीत के साथ ही सीजीएसटी ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश प्राप्त किया।

#### दूसरा मैच: आरपीएफ बनाम कैंट बोर्ड

नर्मदा क्लब में खेले गए दूसरे मैच में आरपीएफ और केंट बोर्ड के बीच मुकाबला हुआ। आरपीएफ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 198 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। इसके बाद, कैंट बोर्ड की टीम सिर्फ 44 रन ही बना सकी और आरपीएफ ने आसानी से मैच जीत कर आरपीएफ ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

#### तीसरा मैच: ओएफके बनाम सीडीए

तीसरे मैच में ओएफके और सीडीए के बीच मुकाबले में ओएफके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 123 रन का लक्ष्य निर्धारित किया। हालांकि, सीडीए की टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन टीम लक्ष्य हासिल करने में सफल नहीं हो सकी। ओएफके ने इस मैच को जीतते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

**ये रहे मौजूद-** इस अवसर पर पीसीपीओ डब्ल्यूसीआर एसडी पाटीदार, डायरेक्टर एयरपोर्ट आरआर पांडे, पूर्व निदेशक दूरदर्शन अविनाश दुर्गे, सीडीए श्री ठाकुर, एसीडीए अवधेश मीणा, श्रम कल्याण आयुक्त नवीन वैद्य, टीएफआरआई से साइंटिस्ट हरिओम सक्सेना, डीईओ नेहा गुप्ता, प्रिंसिपल केंद्रीय विद्यालय सीएमएम अनुपम शुक्ला, प्रिंसिपल केंद्रीय विद्यालय टीएफआरआई प्रवीण नायडू, आयकर अधिकारी स्टेनी जेवियर, रूप सिंह मरावी, प्रशांत द्विवेदी, विजय ठाकुर भी शामिल हुए।

## निधन

▶▶ **श्री चंद्र प्रकाश पोपली-** श्रीराम मंदिर मदन महल निवासी अवनीश चंद्र पोपली के बड़े भाई, प्रमोद पोपली के चाचा श्री चंद्र प्रकाश पोपली का निधन हो गया। वे नरेंद्र, सुरेंद्र मनीष पोपली के ताऊ और गर्व पोपली के दादा थे। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मुक्तिधाम में किया गया।

▶▶ **श्री हीरामणी पटेल-** ग्राम सोनपुर खमरिया निवासी श्री हीरामणी पटेल (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

▶▶ **श्री गोविंद चौधरी-** चंडालभाटा चेरीताल निवासी श्री गोविंद चौधरी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल में किया गया।

▶▶ **श्रीमती विमला सिंह-** शिवपुरी कटियाघाट रोड निवासी श्री राजेश सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती विमला सिंह (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में हुआ।

▶▶ **श्री छिदामी लाल रजक-** श्रीराम परिसर गोहलपुर नर्मदा नगर निवासी श्री छिदामी लाल रजक (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

▶▶ **श्रीमती रेखा रानी सनकारी-** कचनार संभार नेपियर टाउन निवासी श्री मनिन्दर मोहन सनकारी की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा रानी सनकारी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

▶▶ **श्रीमती घामा बाई झारिया-** दुर्गा नगर गौरीघाट िनवासी श्री मकुंदी झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती घामा बाई झारिया (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

▶▶ **सुश्री प्रेमकुमारी गोंड़-** पुराना कंचनपुर अधारताल निवासी श्री नन्हें लाल गोंड़ की पुत्री सुश्री प्रेमकुमारी गोंड़ (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

▶▶ **श्री प्रहलाद सिंह ठाकुर-** संस्कार परिसर अमखेरा निवासी श्री प्रहलाद सिंह ठाकुर (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

▶▶ **श्री विष्णु प्रसाद सिंगरोरे-** बेदीनगर नागपुर रोड निवासी श्री विष्णु प्रसाद सिंगरोरे (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में हुआ।

▶▶ **श्रीमती ज्योत्सना मिश्रा-** रेल सौरभ कॉलोनी निवासी डॉ. बीके मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योत्सना मिश्रा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

▶▶ **श्री रेशम बहादुर-** शारदा नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री रेशम बहादुर (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न।

▶▶ **श्री रमेश कुमारी कुरील-** कमला अपार्टमेंट प्रेमनगर पोस्ट आफिस के पास मदनमहल निवासी श्री रमेश कुमार कुरील (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

▶▶ **श्री प्रहलाद गोंटिया-** शिवराज चौहान नगर ललपुर रोड निवासी श्री प्रहलाद गोंटिया (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

▶▶ **श्री मदन लाल राजपूत-** बजरंग नगर व्हीकल रांझी निवासी श्री मदन लाल राजपूत (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

▶▶ **श्री राम गोपाल पटेल-** महाराजपुर शिवशक्ति नगर निवासी श्री राम गोपाल पटेल (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

## मिलिट्री अस्पताल में पीडियाट्रिक क्रेच लिटिल फ्रेंड्स 'नन्हे मीत' का हुआ उद्घाटन

पीपुल्स संवाददाता ● जबलपुर
editor@peoplessamachar.co.in




सैन्य परिवारों के कल्याण और बच्चों की भलाई की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत हरप्रीत कौर, जोनल अध्यक्षा परिवार कल्याण संगठन, मध्य भारत एरिया द्वारा मिलिट्री हॉस्पिटल में पीडियाट्रिक क्रेच लिटिल फ्रेंड्स नन्हे मीत का उद्घाटन किया गया। इस दौरान उनके साथ सैन्य अस्पताल के फैमिली वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन की अध्यक्ष पल्लवी शर्मा भी साथ रहीं।

यह सुविधा सैन्य कर्मियों के शिशुओं एवं छोटे बच्चों के लिए सुरक्षित, संरक्षित और अनुकूल माहौल देने के लिए शुरू की गई है। इस क्रेच का उद्देश्य अस्पताल परिसर के अंदर देखरेख, उम्र के हिसाब से गतिविधियां और एक साफ-सुथरा माहौल देकर सैन्य परिवारों के कल्याण को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर सैन्य अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग स्टाफ और परिवार जन भी उपस्थित रहे।

श्रीमती कौर ने प्रारंभिक बाल देखभाल एवं विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सैन्य परिवारों और उनके बच्चों के कल्याण हेतु मध्य भारत एरिया के परिवार कल्याण संगठन की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सुविधाएं, बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु सहयोगी वातावरण उपलब्ध करवाने में सहायक सिद्ध होती हैं। नव-स्थापित बाल चिकित्सा क्रेच को छोटे बच्चों के लिए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है तथा इसका संचालन सैन्य अस्पताल, जबलपुर के चिकित्सा विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षित देखभाल कर्मियों द्वारा किया जाएगा। यह पहल सैन्य कर्मियों के लिए अस्पताल परिसर के भीतर विश्वसनीय बाल देखभाल सुविधा प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी। यह उद्घाटन सैन्य चिकित्सा व्यवस्था के अंदर परिवार-केंद्रित सहायता प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

फॉर्म बी
पब्लिक अनाउंसमेंट
(इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकम्प्टसी बोर्ड ऑफ इंडिया (लिक्विडेशन प्रोसेस) रेगुलेशन, 2016 का रेगुलेशन 12)

**सन पीपैक जबलपुर प्राइवेट लिमिटेड के स्टेकहोल्डर्स के ध्यान में**

| स.क्र. | विवरण | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम | सन पेटपैक जबलपुर प्राइवेट लिमिटेड |
| 2. | कॉर्पोरेट देनदार के इनकॉर्पोरेशन की तारीख | 22.03.2000 |
| 3. | वह अथॉरिटी जिसके तहत कॉर्पोरेट देनदार इनकॉर्पोरेट/रजिस्टर्ड है | आरओसी ग्वालियर |
| 4. | कॉर्पोरेट आइडेंटिटी नंबर/कॉर्पोरेट देनदार का लिमिटेड लायबिलिटी आइडेंटिफिकेशन नंबर | U25209MP2000PTC014124 |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के रजिस्टर्ड ऑफिस और प्रिंसिपल ऑफिस का पता | 774 - गोले बाजार, एनए, जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत - 482002 |
| 6. | इन्सॉल्वेंसी रेजोल्यूशन प्रोसेस के बंद होने की तारीख | 30.01.2026 |
| 7. | कॉर्पोरेट देनदार के लिक्विडेशन शुरू होने की तारीख | 30.01.2026 |
| 8. | लिक्विडेटर के तौर पर काम करने वाले इनसॉल्वेंसी प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर | एफि कैक्स रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल्स प्राइवेट लिमिटेड IBBI/IPE-0153/IPA-3/2023-24/50063 |
| 9. | बोर्ड के साथ रजिस्टर्ड लिक्विडेटर का पता और ई-मेल | नं.3656/6, गली नं.6, नारंग कॉलोनी, त्रि नगर, नई दिल्ली-110035 md@efficaxindia.com |
| 10. | लिक्विडेटर के साथ बातचीत के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला पता और ई-मेल | तीसरी मंजिल, 70-डी, पॉकेट-ए, विकासपुरी एक्सटेंशन, पिलर नंबर 11 के सामने, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110018, liquidator_sunpetpack@efficaxindia.com |
| 11. | क्लेम जमा करने की आखिरी तारीख | 01.03.2026 |

यह बताया जाता है कि नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल इंदौर बेंच ने 30 जनवरी 2026 को सन पेटपैक जबलपुर प्राइवेट लिमिटेड का लिक्विडेशन शुरू करने का आदेश दिया है।
सन पेटपैक जबलपुर प्राइवेट लिमिटेड के स्टेकहोल्डर्स से कहा जाता है कि वे 1 मार्च 2026 को या उससे पहले आइटम नंबर 10 में दिए गए पते पर लिक्विडेटर को सबूत के साथ अपने क्लेम जमा करें।
फाइनेंशियल क्रेडिटर अपने क्लेम सबूत के साथ सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक तरीके से जमा करेंगे। बाकी सभी क्रेडिटर सबूत के साथ खुद आकर, पोस्ट से या इलेक्ट्रॉनिक तरीके से क्लेम जमा कर सकते हैं। झूठे या गुमराह करने वाले क्लेम जमा करने पर पेनल्टी लगेगी।
राकेश कुमारी जिंदल
के लिए और की ओर से
इफिकैक्स रेजोल्यूशन प्रोफेशनल्स प्राइवेट लिमिटेड
सन पेटपैक जबलपुर प्राइवेट लिमिटेड के लिक्विडेटर
मोबाइल-9560464525
तारीख-10.02.2026
स्थान-नई दिल्ली